PERIODIC TEST 1 (2026-27)
SET – 2

Class : V Duration : **1 Hrs**
Date :16.06.2026 Max. Marks : **25**

सामान्य निर्देश:- 1. कृपया अच्छी तरह परीक्षण कर लें कि इस प्रश्नपत्र में 06 प्रश्न हैं ।
2. प्रत्येक भाग के उत्तर एक ही स्थान में क्रम से लिखने की यथासंभव कोशिश करें ।
3. उत्तरलेखन से पूर्व प्रश्न का क्रमांक प्रश्नपत्र के अनुसार अवश्य लिखें ।
4. प्रश्नों के निर्देश ध्यानपूर्वक अवश्यं पढ़ें ।

प्रश्नपत्रस्वरूप- भाग 'क' : अपठित गद्यांश 7 अङ्क
भाग 'ख' : व्याकरण 11 अङ्क
भाग 'ग' : पाठ्यपुस्तक 7 अङ्क

<u>खंड क (अपठित बोध)</u>

प्रश्न.1 निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नो के उत्तर दीजिए :-

दीवाली भारत का एक प्रमुख और लोकप्रिय त्योहार है। इसे 'रोशनी का त्योहार' भी कहा जाता है। यह त्योहार अंधकार पर प्रकाश और बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक है।
दीवाली के दिन लोग अपने घरों की सफाई करते हैं और उन्हें दीपों, मोमबत्तियों और रंग-बिरंगी लाइटों से सजाते हैं। इस अवसर पर लोग लक्ष्मी पूजा करते हैं और मिठाइयाँ बाँटते हैं। बच्चे पटाखे जलाकर खुशियाँ मनाते हैं।
यह त्योहार हमें सिखाता है कि हमें हमेशा सत्य और अच्छाई के मार्ग पर चलना चाहिए। दीवाली सभी के जीवन में खुशियाँ और समृद्धि लेकर आती है।

(i) दीवाली को किस नाम से भी जाना जाता है? **[1]**
(a) रंगों का त्योहार (b) रोशनी का त्योहार
(c) फसलों का त्योहार (d) पानी का त्योहार

(ii) दीवाली पर लोग क्या करते हैं? **[1]**
(a) पेड़ लगाते हैं (b) घर सजाते हैं
(c) खेल खेलते हैं (d) यात्रा करते हैं

(iii) दीवाली किसकी जीत का प्रतीक है? **[1]**
(a) अंधकार की जीत (b) बुराई की जीत
(c) अच्छाई की जीत (d) हार की जीत

(iv) दीवाली पर लोग किसकी पूजा करते हैं? **[2]**

(v) दीवाली हमें क्या सिखाती है? **[2]**

<u>खंड ख (व्यावहारिक व्याकरण)</u>

प्रश्न.2 **भाषा और व्याकरण पर आधारित प्रश्नों के उत्तर दीजिए:-** [4]
(i) भाषा के कितने रूप होते हैं?
(ii) भारत की दो भाषाओं के नाम लिखिए |

(iii) मौखिक भाषा का एक उदाहरण लिखिए।

(iv) हिंदी भाषा किस लिपि में लिखी जाती है?

प्रश्न.3 **वर्ण विचार पर आधारित प्रश्नों के उत्तर दीजिए :-** [4]

(i) दिए गए शब्दों में अनुस्वार (ं और अनुनासिक(ँ) का प्रयोग कीजिए :- ठडा, आख

(ii) व्यंजन के कितने भेद होते हैं?

(iii) दो ह्रस्व स्वरों के नाम लिखिए।

(iv) दो स्पर्श व्यंजन लिखिए|

प्रश्न.**4** **शब्द रचना पर आधारित प्रश्नों के उत्तर दीजिए:-** **[3]**

(i) सूरज का तत्सम शब्द लिखिए **|**

(ii) चंद्र का तद्भव शब्द लिखिए **|**

(iii) माँ में अनुस्वार का प्रयोग हुआ है या अनुनासिक का?

<u>खंड ग (पाठ्यपुस्तक)</u>

प्रश्न.5 निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए:- **[4]**

(i) भाषा**,** समुदाय के अलग होने पर भी हम क्या कहलाते हैं ?

(ii) नसीरुद्दीन साहब को कहा जाना था ?

प्रश्न.6 नीचे दिए गए दीर्घ प्रश्नो के उत्तर लिखिए : (कोई एक) **[3]**

(i) 'एक रहे हैं एक रहेंगे'कविता में कवि ने किस-किस को अपना बताया है**?**

(ii) कार्यक्रम के बीच में धनी आदमी नसीरुद्दीन साहब के घर क्यों गया**?**

================================ समाप्त ================================